माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका,सहारनपुर,उ0प्र0,पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 640/63/प्रशा0 /MSU/2023–24 दिनांक : 19/07/2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली जनपद।

विषयः– सम्बद्ध महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासन के निर्देशानुसार शैक्षिक सत्र 2024–25 से विश्वविद्यालय एवं समस्त महाविद्यालयों को समर्थ पोर्टल पर Onbord किया जाना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय समर्थ पोर्टल पर Onbord हो चुका हैं। सम्बद्ध महाविद्यालयों को समर्थ पोर्टल पर ऑनबोर्ड किये जाने हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से लॉगइन आईडी महाविद्यालय की मेल आईडी पर उपलब्ध करायी जा चुकी है। सम्बद्ध महाविद्यालयों को समर्थ पोर्टल पर Onbord किये जाने हेतु एक कार्यशाला दिनांक 10.07.2024 को जनपद सहारनपुर तथा दिनांक 11.07.2024 को जनपद मुजफ्फरनगर एवं शामली के लिए आयोजित की गई, किन्तु कार्यशाला के उपरान्त भी महाविद्यालयों द्वारा अभी तक समर्थ पोर्टल पर महाविद्यालय की प्रोफाईल अपडेट नहीं की गई जिसपर मा0 कुलपति द्वारा गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

अतः सम्बन्धित महाविद्यालय समर्थ पोर्टल पर महाविद्यालयों की प्रोफाइल अपडेट करना सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति में आपके महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया तत्काल बंद कर दी जाएगी इसके उत्तरदायित्व आप स्वंय होगें।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– अधोलिखित को सूचानर्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
02. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
03. गार्ड फाईल।

कुलसचिव